आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 मार्च 2024 सान्ध्य समाचार

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस के लिये तारीखों का ऐलान कर दिया है। नई दिल्ली में आज आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार तथा एस.एस. सन्धु ने लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि अट्ठारहवीं लोकसभा के लिये चुनाव सात चरणों में होंगे। पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को, दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को, तीसरे चरण में सात मई को, चौथे चरण में तेरह मई को, पांचवें चरण में बीस मई को, छठवें चरण में पच्चीस मई को और सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा। सभी चरणों की मतगणना चार जून को होगी। लोकसभा चुनाव के साथ ही निर्वाचन आयोग ने आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम राज्य के लिये विधानसभा चुनाव की अधिसूचना भी जारी कर दी है।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की अस्सी सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सभी सात चरणों में सम्पन्न होगी। सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत संसदीय क्षेत्र में मतदान पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को होगा।

दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा संसदीय सीटों के लिये वोट डाले जायेंगे। तीसरे चरण में सम्भल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सिकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदांयू, आंवला और बरेली लोकसभा क्षेत्र में मतदान सात मई को होगा। चौथे चरण में शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कानपुर, कन्नौज, अकबरपुर और बहराइच में मतदान तेरह मई को होगा। पांचवें चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा संसदीय सीट के लिये बीस मई को वोट डाले जायेंगे। सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही लोकसभा क्षेत्र में छठवें चरण का मतदान पच्चीस मई को होगा जबकि सातवें चरण में एक जून को महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज संसदीय क्षेत्र में मतदान होगा।

प्रदेश में विधानसभा की रिक्त सीटों पर उप चुनाव की अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है। ददरौल में तेरह मई, लखनऊ पूर्व में बीस मई, गैंसड़ी में पच्चीस मई और दुद्धी में एक जून को उप चुनाव के लिये मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पूरे देश में करीब सत्तानबे करोड़ मतदाता लगभग साढ़े दस लाख मतदान केन्द्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। एक करोड़ बयासी लाख मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। चुनाव में करीब पचपन लाख ईवीएम का इस्तेमाल किया जायेगा। चुनाव प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये करीब डेढ़ करोड़ कर्मचारी, अधिकारी तथा सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार चुनाव में पचासी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं और चालीस प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से ही वोट डालने की सुविधा भी दी जायेगी।

****

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने चार भर्ती परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। इसमें बाइस मार्च को होने वाली स्टॉफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक की प्रारम्भिक परीक्षा तथा सात अप्रैल को होने वाली नगर नियोजक परीक्षा को स्थगित किया गया है। इसके साथ ही आयोग ने अपर निजी सचिव दो हजार तेइस की शॉर्ट हैण्ड टाइपिंग की परीक्षा तथा स्टॉफ नर्स एलोपैथी की मुख्य परीक्षा दो हजार तेइस को भी स्थगित करने का निर्णय लिया है। इन परीक्षाओं की अगली तिथि बाद में घोषित की जायेगी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुरादाबाद में पांच सौ तेरह करोड़ रूपये और रामपुर जिले में छः सौ दस करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। मुरादाबाद में उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रखी। उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय का नामकरण गुरू जम्भेश्वर जी के नाम पर किया जायेगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिर्जापुर जिले में बनने वाले मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर मिर्जापुर में केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रदेश सरकार की मंत्री रजनी तिवारी मौजूद रहीं। यह विश्वविद्यालय मड़िहान क्षेत्र के देवरीकला में बनेगा।

****

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी नवनीत सहगल को प्रसार भारती का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा है कि चेयरमैन के रूप में नवनीत सहगल का कार्यकाल तीन वर्ष के लिये होगा। नवनीत सहगल ने आज प्रसार भारती के चेयरमैन का पदभार ग्रहण कर लिया है।

****